भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
Tower-F, NBCC World Trade Centre,
Nauroji Nagar, New Delhi-110029

क्रमांक.ए-25/8/(1)/2021-प्र. एवं का.(कंप्यूटर नं.1523) दिनांक: 1 जनवरी, 2025

**<u>रिक्ति परिपत्र संख्याः पी-02 /2024-25</u>**

**<u>अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी को संविदा आधार पर भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में नियुक्ति के लिए विज्ञापन</u>**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण एक अंशकालिक योग्य एवं अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञ को संविदा आधार पर नियुक्त करना चाहता है। अंशकालिक चिकित्सक की योग्यता, अनुभव और सेवा के अन्य नियम एवं शर्तें निम्नानुसार होंगीः

**<u>योग्यता, अनुभव एवं सेवा की अन्य शर्तें</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | योग्यता एवं अनुभव | : | **<u>अनिवार्य योग्यता</u>**<br>एमबीबीएस में डिग्री<br>**<u>वांछनीय योग्यता</u>**<br>(i) एम.डी. (मेडिसिन)<br>(ii) सीजीएचएस में कार्य करने का अनुभव। |
| 2. | मासिक पारिश्रमिक | | ₹ 60,000/- प्रति माह |
| 3. | न्यूनतम आयु | : | 45 वर्ष |
| 4. | काम के घंटे | : | पारस्परिक रुप से सुविधाअनुसार, हफ्ते में कोई दो दिन, प्रत्येक दिन 3 घंटे के लिए |
| 5. | नियुक्ति अवधि | : | प्रारंभ में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष के लिए जिसे कार्य निष्पादन की समीक्षा के आधार पर परस्पर सहमति से एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। |
| 6. | संविदा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु | : | 65 वर्ष |

*पृष्ठ क्र..2 पर जारी*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | सेवा की प्रकृति | : | अंशकालिक आधार पर। भादूविप्रा के कर्मचारियों को चिकित्सा सलाह/ सहायता मुहैया कराना। सेवा की प्रकृति में निम्नालिखित शामिल होंगे:<br>(i) सभी विजिटर को देखना और चिकित्सा सुविध मुहैया कराना।<br>(ii) विशेषज्ञों को दिखाने के लिए रैफर करने की सलाह देना।<br>(iii) कर्मचारियों की वार्षिक जांच करवाने के लिए सलाह देना।<br>(iv) दवा लिख कर देना (निःशुल्क)<br>(v) ओपीडी के लिए सीजीएसएस द्वारा निर्धारित परामर्श दरों पर भादूविप्रा के अधिकारियों / कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को अपने क्लिनिक में देखना (यदि जरुरी हो)<br>(vi) बंद अवकाश (क्लोज्ड हॉलिडे) के दिन पड़ने वाले पहले से निर्धारित विजिट के मामले में भादूविप्रा के एएंडपी अनुभाग से परामर्श करने के बाद यह विजिट किसी और कार्य दिवस में की जाएगी।<br>(vii) प्रख्यात स्वास्थ संस्थानों/ चिकित्सकों के साथ मिलकर निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर/ स्वास्थ चर्चाएं आयोजित करना। |
| 8. | त्यागपत्र/ सेवा समाप्ति | : | किसी भी पक्ष द्वारा दो माह का नोटिस देकर। |

3. अपनी सेवाएं देने के इच्छुक डॉक्टर इसके साथ संलग्न निर्धारित आवेदन प्रारुप में अपना विवरण, जिसमें योग्यता, कार्य अनुभव आदि स्पष्ट रुप से दर्शाए गए हों, **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, छठी मंजिल, टावर-एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 को <u>दिनांक 21 जनवरी, 2025</u>** तक भेज सकते है, साथ ही, योग्यता, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र आदि की स्वयं सत्यापित प्रतियां भी आवेदन के साथ संलग्न की जाए।

4. अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति के लिए अतिरिक्त नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं:

(क) डॉक्टर को **₹ 60,000/- (साठ हजार रुपये मात्र)** का समेकित मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा।

(ख) डॉक्टर को सप्ताह में दो बार तीन घंटे के लिए टावर-एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली स्थित ट्राई के कार्यालय में आना होगा। डॉक्टर को अपने दौरे के समय मौजूद सभी मरीजों को देखना होगा, भले ही इसके लिए डॉक्टर को तीन घंटे से ज़्यादा रुकना पड़े।

*पृष्ठ क्र..3 पर जारी*

(ग) यदि चिकित्सक किसी भी कारणवश किसी निर्धारित दिन कार्यालय में आने में असमर्थ है, तो चिकित्सक को इसकी सूचना प्रशासन एनं कार्मिक अनुभाग के संबंधित अधिकारी को फोन पर समय रहते देनी होगी तथा दौरे को किसी अन्य दिन के लिए पुनर्निर्धारित करना होगा।

(घ) ट्राई अपने कार्यालय परिसर में अपेक्षित फर्नीचर और आवश्यक उपकरणों जैसे बी.पी. और रक्त शर्करा मापने के उपकरण, थर्मामीटर आदि के साथ एक परामर्श कक्ष उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार होगा।

(ङ) डॉक्टर की नियुक्ति, शुरू में, नियुक्ति की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए होगी। हालाँकि, प्राधिकरण आपसी सहमति के आधार पर प्रदर्शन की समीक्षा के बाद इस अवधि को आगे एक वर्ष के लिए विस्तार पर विचार कर सकता है। नियुक्ति को किसी भी पक्ष द्वारा दो महीने पहले लिखित नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है।

(च) यह नियुक्ति ऊपर निर्धारित नियमों और शर्तों पर पूर्णतः संविदात्मक है और इसे ट्राई में अंशकालिक या पूर्णकालिक आधार पर रोजगार के रूप में नहीं लिया जा सकता है।

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। भादूविप्रा को बिना कारण बताए किसी एक या सभी आवेदनों को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकारी है।

*संलग्नकः यथोक्त*

**(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाष. 011-26769-631

**<u>सूचना के लिए आंतरिक संचलन:</u>**

1. ओएसडी, अध्यक्ष के कार्यालय, भादूविप्रा
2. सदस्य, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
3. सचिव, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. सभी प्रधान सलाहकार/ सलाहकार, भादूविप्रा [मुख्यालय]।
5. संयुक्त सलाहकार (आईटी) - *कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करें।*
6. नोटिस बोर्ड।

## नई दिल्ली स्थित भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण मुख्यालय में अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन प्रपत्र

सत्यापित फोटोग्राफ

1. पद का नाम : संविदा आधार पर अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक)
2. आवेदक का नाम : ....................................................................
3. पिता का नाम : ......................................................................
4. आयु तथा जन्म तिथि : ....................................................................
5. पिनकोड सहित पता (पत्राचार के लिए) : ....................................................................
   ....................................................................
   ....................................................................
6. पिनकोड सहित स्थायी पता :....................................................................
   ............................................................................
   ............................................................................
7. लिंग पुरुष ( ) महिला ( )
8. संपर्क विवरण : लैंडलाइन:.........................................
   मोबाइल:................................................
   ईमेल:..................................................
9. शैक्षणिक योग्यता :

| लेवल | उत्तीर्ण करने का वर्ष | डिवीजन/ ग्रेड | विश्वविद्यालय | विषय विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|
| एमबीबीएस | | | | |
| एम.डी | | | | |

(कृपया डिग्रियों की सत्यापित प्रतियां सलंग्न करें)

***पृष्ठ क्र..2 पर जारी***

10. कालानुक्रम में नियोजन का विवरण:

| कार्यालय का नाम | धारित पद | तदर्थ/ अस्थायी नियमित/ स्थायी | तारीख | कुल अवधि (वर्षों में) | वेतनमान | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

अगर स्थान अपर्याप्त है, तो अलग शीट संलग्न करें (कृपया अनुभव के उपलब्ध प्रमाण संलग्न करें)

11. सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति की तिथि, यदि लागू हों:...............................................

12. वर्तमान नियोजन का विवरण (जहां-कहीं लागू हो) :...............................................

13. संलग्न किए जाने वाले सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के विवरण:

(क) एसएससी प्रमाणपत्र (आयु के प्रमाण के लिए)

(ख) एमबीबीएस में डिग्री , एम.डी या समतुल्य

(ग) पंजीकरण प्रमाणपत्र

(घ) पहचान के लिए निम्नलिखित में किसी एक प्रमाण की प्रतिः

मतदाता पहचान पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंसं/ आधार कार्ड/ पासपोर्ट

(ड़) निवास के प्रमाण पत्र के लिए निम्नलिखित में किसी एक प्रमाण की प्रति: पानी/ टेलीफोन/ बिजली का बिल

(च) नवीनतम पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ

(छ) निम्नलिखित के संबंध में अनुभव को अलग सारणी में प्रस्तुत करेः

1) केन्द्र/ राज्य सरकार की सेवा
2) सरकारी अस्पताल/ संस्थान/ औषधालय
3) पीएसयू और
4) निजी क्षेत्र के अस्पताल/ संस्थान/ धर्मार्थ औषधालय इत्यादि

(ज) दो संदर्भ

***<u>पृष्ठ क्र..3 पर जारी</u>***

Badam

मैं इसके द्वारा घोषणा करता/ करती हूं कि इस आवेदन में ऊपर दी गई सूचनाएं, मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है। मैं स्वीकार करता/ करती हूं कि संबंधित प्राधिकारी द्वारा मुझे इसमें उल्लिखित किसी कदाचार के लिए दोषी घोषित किए जाने पर मेरे खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)
नाम:-______________

दिनांक:

स्थान: